केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

दिनांक: 05.06.2026

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा परीक्षा परिणामोपरांत सेवाओं के पोर्टल पर समन्वित साइबर हमलों के संबंध में दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज;**

**24×7 साइबर सुरक्षा निगरानी से सभी साइबर हमले सफलतापूर्वक निष्प्रभावी किए गए और डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने परीक्षा परिणाम-उपरांत सेवाओं के पोर्टल पर किए गए समन्वित एवं अत्याधुनिक साइबर हमलों के संबंध में दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स (IFSO) इकाई के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। यह पोर्टल देशभर के लाखों विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामोपरांत सेवाएँ उपलब्ध कराता है। अतः इसके संचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान बड़ी संख्या में हितधारकों को प्रभावित कर सकता है, व्यापक जन-असुविधा उत्पन्न कर सकता है, सार्वजनिक तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है तथा विद्यार्थियों में बोर्ड के प्रति असंतोष की स्थिति पैदा कर सकता है।

दिनांक 2 जून 2026 को प्रारंभ किए गए इस पोर्टल के माध्यम से कक्षा XII बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन एवं पुनर्मूल्यांकन जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विगत तीन दिनों के दौरान इस पोर्टल पर बार-बार समन्वित साइबर हमले किए गए। इन हमलों में देश एवं विदेश के विभिन्न आईपी (IP) पतों से बड़ी मात्रा में दुर्भावनापूर्ण (Malicious) इंटरनेट ट्रैफिक शामिल था।

प्रथम दृष्टया इन हमलों का उद्देश्य पोर्टल की कार्यप्रणाली को बाधित करना, वैध उपयोगकर्ताओं की पहुँच अवरुद्ध करना तथा राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा अनधिकृत रूप से सूचनाएँ प्राप्त करने का प्रयास करना प्रतीत होता है।

इन हमलों की प्रकृति, व्यापकता एवं समन्वित स्वरूप को देखते हुए सीबीएसई ने इसकी विस्तृत जांच तथा दोषियों के विरुद्ध उपयुक्त विधिक कार्रवाई के लिए आईएफएसओ (IFSO) इकाई से संपर्क किया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इन दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के बावजूद सीबीएसई की प्रणालियाँ एवं डेटाबेस पूर्णतः सुरक्षित हैं तथा इनमें किसी प्रकार का डेटा उल्लंघन (Data Breach) अथवा अनधिकृत पहुँच दर्ज नहीं की गई है।

इन साइबर हमलों को 24×7 निरंतर निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से सफलतापूर्वक निष्प्रभावी किया गया। इस कार्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C), सीईआरटी-इन (CERT-In) तथा केंद्र सरकार की अन्य संबंधित एजेंसियों की साइबर सुरक्षा टीमों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

**सचिव**
**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)**

के. मा. शि. बो., एकीकृत कार्यालय परिसर, सेक्टर–23, फेज–1, द्वारका, नई दिल्ली–110077
CBSE INTEGRATED OFFICE COMPLEX, SECTOR-23, PHASE-1, DWARKA, NEW DELHI-110077
Phone (off.) : 011-24050336-42, Website: www.cbse.gov.in